नगर निगम, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत मतदाताओं से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अपील

प्रिय मतदाता भाइयों और बहनों,

आप लोग इस समय अपने—अपने क्षेत्र से नगरीय निकाय चुनाव प्रक्रिया में शामिल हैं तथा बेहतर प्रत्याशियों के चयन हेतु तत्पर हैं। ऐसे में हमारी पार्टी जिसने इस देश को आजादी दिलायी, इसे बनाया—सवाँरा तथा हर मानव के लिए जरूरत की सारी सुविधओं को उपलब्ध कराने के लिए निरन्तर प्रयास किया है। उसी का परिणाम है कि आज हम सबको जरूरत की वह सारी चीजें कमोवेश उपलब्ध हैं जिससे दुनिया के किसी भी विकसित देश से हम प्रतिस्पर्धा कर सकने में सक्षम हैं। परन्तु पिछले काफी दिनों से पार्टी नगर निगमों, नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों में अपनी सेवा का अवसर नहीं उपलब्ध करा पा रही है। जो लोग सत्ता में हैं उन्होंने बार—बार बड़े—बड़े वादे तो किये लेकिन वह सब केवल कोरे सब्जबाग बनकर रह जाते हैं। एक ही बरसात में जहाँ सडके बजबजा जाती हैं, हर कालोनी में कूड़े का अम्बार दिखाई पड़ता है, छुट्टा जानवरों की अराजकता लोगों की जान के आफत बनकर खड़ी रहती है तथा अनियंत्रित पार्किंग और अनुचित प्रबन्धन से शहरों का माहौल बहुत असुविधाजनक दिखाई पड़ता है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी अपनी सेवा भावना जो कि हमारी परम्परा रही है, हर नागरिक को बिना किसी भेदभाव के हर बुनियादी और आवश्यक बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, भोजन, परिवहन आदि हर आवश्यक आवश्यकताओं की पूर्ति पूरी गुणवत्ता के साथ कराने के लिए आपसे अपना वचन देती है।

इसी के साथ कांग्रेस पार्टी देश में और प्रदेश में साम्प्रदायिक सद्भाव, व्यक्ति की गरिमा; अपनी आस्था की आजादी, मजबूत लोकतंत्र, सुदृढ़ न्याय व्यवस्था के लिए निरन्तर संघर्ष में है। महंगाई, बेरोजगारी से निजात दिलाने, विद्यार्थियों एवं युवाओं को पूरे सहयोग के साथ आत्मसम्मान से आगे बढ़ाने का वचन देती है। इसी के साथ कांग्रेस पार्टी दशकीय जनगणना को तुरन्त शुरू करने की मांग करती है, जिससे की कल्याणकारी योजनाओं में हर समाज की संख्या और आवश्यकताओं के अनुसार चीजों की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके, इसका वचन देती है।

आइये! हम सबलोग साथ मिलकर देश की सबसे पुरानी और लोकतांत्रिक पार्टी जिसने हमेशा देश और लोगों के लिए काम किया है, उसके साथ खड़े होकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सभी प्रत्याशियों मेयर, पार्षद, नगर पालिका परिषद, सभासद, नगर पंचायत और उनके सदस्यों को चुनाव चिन्ह "हाथ का पंजा" के सामने वाले खाने पर बटन दबाकर/मत—पत्र पर मुहर लगाकर विजयी बनाये और एक खूबसूरत शहर का निर्माण करें, जिसमें सुन्दर सड़के, सुन्दर पार्क, सुन्दर गलियां, साफ नालियां, निशक्तजन और गरीबों के लिए मुफ्त भोजन, मुफ्त चिकित्सा, बेहतर शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतरीन लाइब्रेरी, वरिष्ठजनों के लिए वाचनालय, स्वस्थ वातावरण के लिए पर्यावरण की उच्च गुणवत्ता का पालन, मुफ्त पेयजल, छुट्टा जानवरों से निजात, साप्ताहिक बाजार, रेहड़ी—ठेला—खुमचा वालों के लिए समुचित निःशुल्क जगह वह सब कुछ पायें जो आपके विकास और प्रगति के लिए जरूरी है।

आइये सुन्दर शहर बनाये – सुन्दर नगर बनायें।

(बृजलाल खाबरी)
पूर्व सांसद
अध्यक्ष—उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी

Scanned with OKEN Scanner

नगर निकाय चुनाव 2023 हेतु कांग्रेस का जनता को वचन

- नगर निगम, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायतों में साफ सुथरी सड़के, नालियां और गलियां होंगी।
- प्रत्येक नागरिक को शुद्ध पेयजल निःशुल्क उपलब्ध कराया जायेगा।
- धार्मिक स्थानों एवं पार्कों का सौन्दरीकरण।
- पर्यावरण की उच्च गुणवत्ता का पालन।
- हर गरीब, बेसहारा व निशक्तजन को इन्दिरा कैन्टीन के माध्यम से मुफ्त भोजन की व्यवस्था की जायेगी।
- हर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए उच्च कोटि के पुस्तकालय की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी तथा वरिष्ठ नागरिकों के लिए हर प्रकार के अखबार एवं पत्रिकाओं की व्यवस्था होगी।
- छुट्टा जानवरों से पूर्ण रूप से निजात हेतु आश्रय स्थल का निर्माण कराया जायेगा।
- संचारी रोग के रोकथाम के लिए समय–समय पर दवाओं एवं कीटनाशकों का नियमित रूप से छिड़काव कराया जायेगा।
- नालियों में जलभराव न हो, सड़कें साफ–सुथरी रहें इसलिए जल निकासी का बेहतर प्रबन्धन किया जायेगा।
- नगर निगम, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों के अधीन अस्पतालों, विद्यालयों को उच्च गुणवत्तायुक्त बनाया जायेगा।
- नगर निगमों के अलावा नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों में बेहतर चिकित्सीय सुविधा आम नागरिकों के लिए मुफ्त सुनिश्चित करायी जायेगी।
- रेहड़ी, ठेला और साप्ताहिक बाजारों के लिए उचित स्थान का प्रबन्ध निःशुल्क रूप से सुनिश्चित कराया जायेगा।
- सीवर लाइन को एस0टी0पी0 (सीवर ट्रीटमेन्ट प्लांट) से निश्चित तौर पर जोड़ने की व्यवस्था होगी।
- कूड़ा निस्तारण के लिए सुनिश्चित व्यवस्था करायी जायेगी।
- मकान और जलकर व्यवस्था को सस्ता और सुलभ बनाया जायेगा।
- सार्वजनिक स्थलों जैसे स्कूल, अस्पताल, मॉल आदि के पास स्थित पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित, सुन्दर और सस्ता किया जायेगा।
- धार्मिक उत्सवों और आयोजनों पर बिना भेदभाव के सभी धर्मस्थलों के साफ–सफाई, लाइटिंग और शुद्ध पेयजल की मुफ्त व्यवस्था सुनिश्चित करायी जायेगी।
- ई–रिक्शा चार्जिंग स्टेशनों की फ्री उपलब्धता सुनिश्चित करायी जायेगी।

Scanned with OKEN Scanner